दिनांक : 19.05.2024 समय : 07.10पीएम

आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिये कल 49 सीटों पर होगा मतदान।
- भाजपा, कांग्रेस सहित सभी दल लोकसभा के छटवें और सातवें चरण के प्रचार में जुटे।
- प्रदेष के अधिकतर जिलों में तापमान 43 डिग्री के पार। अगले चार दिनों तक गर्मी से नहीं मिलेगी राहत।
- आईपीएल क्रिकेट में आज लीग मैचों का अंतिम दिन। अब से कुछ देर बार राजस्थान रॉयल्स और कोलकता नाइट राइडर्स का मुकाबला।

.........

मतदान पांचवा चरण

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 49 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। इस चरण में उत्तरप्रदेश की 14, महाराष्ट्र 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा तथा बिहार की पांच–पांच, झारखंड की तीन, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की एक– एक सीट पर वोट डाले जायेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा नेता तथा केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, पियूष गोयल, स्मृति ईरानी, कांग्रेस के राहुल गांधी तथा केएल शर्मा, नेशनल कांफ्रेस के उमर अबदुल्ला और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान शामिल हैं। मतदान के लिए 94 हजार सात सौ 32 मतदान केंद्रों पर नौ लाख 47 हजार से मतदान अधिकारी तैनात किए जायेंगे। ओडिशा विधानसभा की 35 विधानसभा सीटों के लिए भी कल मतदान होगा। इस चरण में आठ करोड 95 लाख मतदाता वोट डालेंगे।

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के छठवें और सातवें चरण का प्रचार तेज हो गया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल में मेदनीपुर, बिसनुपुर और पुरूलिया में जनसभाओं को संबोधित किया। गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह उत्तरप्रदेश के प्रयागराज और जौनपुर तथा बिहार में चुनाव

प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उत्तरप्रदेश के ग़ाज़ीपुर, बलिया और दिल्ली की लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया। प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हिमाचल प्रदेष की मंडी में प्रत्याषी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट पर प्रचार किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेष यादव ने प्रयागराज में संयुक्त रूप से चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री–झारखंड

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के वर्तमान और भविष्य को मजबूत करने के लिए है। झारखंड के जमशेदपुर में प्रचार करते हुए एक सभा में उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए कारोबार सर्वोपरि हैं लेकिन कांग्रेस कारोबारी समुदाय को देश का दुश्मन मानती है। श्री मोदी ने कांग्रेस और उनके गठबंधन सहयोगी के शासन वाले राज्यों–– हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों और आईएनडीआई गठबंधन के सहयोगियों को व्यवसायों और निवेशकों का विरोध करने की चुनौती दी। श्री मोदी ने कहा कि अगर पार्टियां व्यापारियों और निवेशकों का विरोध करती रहेंगी तो इन राज्यों के युवाओं को रोजगार कैसे मिलेगा।

आप–प्रदर्शन

दिल्ली पुलिस ने जेल भरो कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय की ओर कूच कर रहे आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने कहा कि पंडित दीनदयाल मार्ग पर धारा 144 लगा दी गई है और किसी भी तरह के प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा मुख्यालय के बाहर सुरक्षा पहले ही बढ़ा दी गई थी। विरोध प्रदर्शन से पहले, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में आरोप लगाया कि भाजपा पार्टी नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि आने वाले दिनों में और अधिक नेताओं की गिरफ्तारी हो सकती है तथा पार्टी के खाते भी फ्रीज किए जा सकते हैं।

तेंदूपता संग्रहण

देवास जिले में श्रमिकों को रोजगार देने के लिए वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू कर दिया है। हरा सोना कहे जाने वाले तेंदू पत्ते का संग्रहण के इस कार्य से करीब 20 हजार कार्डधारक श्रमिक परिवारों को रोजगार मिलना शुरू हो गया

है। देवास वन वृत्त अंतर्गत तेंदूपत्ता तोड़ने पर करीब दस करोड़ रुपये खर्च होंगे। देवास वन वृत अंतर्गत लगभग 52 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरु हो गया है। जिले में इस वर्ष 29 हजार 168 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्य 17 वन समितियों के माध्यम से 220 तेदूपत्ता फड़ पर संग्रहण होगा। कार्डधारक श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान आनलाइन माध्यम से किया जाएगा।

वृद्धजन–स्वास्थ्य शिविर

प्रदेश में कल कई जिलों में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। धार जिले में 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच उपचार व परामर्श हेतु जिला भोज अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। शिविर में असंचारी रोगों हेतु स्क्रीनिंग एवं उपचार तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा समस्या का परीक्षण और उपचार होगा। शिविर में आए हुए वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड, हेल्थ आईडी कार्ड बनाकर वितरण भी किया जाएगा। देवास में भी राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम जिला चिकित्सालय में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आर्थोपेडिक, नेत्र रोग, स्त्री रोग, मेडिसिन, सर्जरी, डेंटल तथा मनोराग चिकित्सक के द्वारा उपचार किया जावेगा। साथ ही वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को बीसीजी का टीका भी लगाया जाएगा। खंडवा में भी स्वास्थ्य केन्द्रों पर षिविर लगाए जाएंगे।

मानसून–शुरुआत

दक्षिण–पश्चिमी मानसून ने देश के सबसे दक्षिणी छोर निकोबार द्वीपसमूह पर दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने कहा कि मानसून भारत की कृषि–आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन–धारा है। विभाग के अनुसार, मानसून मालदीव के कुछ हिस्सों और कोमोरिन क्षेत्र तथा दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर की तरफ बढ़ रहा है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंचने की संभावना है।

मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में भीषण गर्मी जारी है। प्रदेश के ग्वालियर–चंबल संभाग में रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। कई शहरों में पारा 43–44 डिग्री पहुंच गया है। षिवपुरी में आज 43 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। जिसके कारण दोपहर में बाजार सुनसान दिखाई दिए। छतरपुर के नौगांव और

खजुराहो में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। वहीं गुना में अधिकतम तापमान 45 दषमलव 5 डिग्री पर पहुंच गया। सीहोर में एक सप्ताह से तापमान 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। यहां आज 42 दषमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। खंडवा में तापमान 43 दषमलव एक तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिनों तक गर्मी का तेज असर जारी रहेगा। ग्वालियर, रतलाम, षिवपुरी, गुना, छतरपुर, मुरैना, राजगढ़, टीकमगढ़ जिलों के लिये लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दतिया, भिंड, निवाड़ी जिलों में तेज हवाए चल सकती हैं। इसके साथ ही बैतूल, ष्योपुरकला, डिंडोरी, जबलपुर, षहडोल सहित 25 जिलों मे हल्की वर्षा के लिये येलो अलर्ट जारी किया गया है।

<u>सीता मंदिर</u>

श्रीलंका में अशोक वाटिका में सीता अम्मन मंदिर में, आज अपूर्व श्रद्धाभाव से कुंभ अभिषेकम आयोजित किया गया। मंदिर में गोपुरा के अभिषेक के लिए अयोध्या से लाए गए लगभग 25 लीटर सरयू जल का उपयोग किया गया। इसके अलावा, तिरुमाला तिरुपति मंदिर से 5 हजार लड्डू भी मंगाए गए थे। इस अवसर के लिए देश के कई अन्य मंदिरों और नेपाल के जनकपुर से भी कलाकृतियां मंगाई गई थीं। सीता अम्मन मंदिर रामायण–पथ का हिस्सा है। इसलिए, कार्यक्रम में भारत और नेपाल के कई श्रद्धालु भी समारोह में शामिल हुए। अशोक वाटिका को सीता एलिया भी कहा जाता है। अशोक वाटिका वही स्थान है, जहां रावण ने सीताजी को बंधक बनाकर रखा था।

<u>आईपीएल</u>

आईपीएल क्रिकेट में आज लीग चरण का आखिरी मैच अब से कुछ देर बाद गुवाहटी में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर के बीच होगा। दोनों ही टीमे पहले ही प्ले ऑफ में पहुंच चुकी हैं।

इससे पहले दोपहर में खेले गए मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया।

समाचार संक्षेप में :–

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और प्रदेष प्रभारी जितेन्द्र सिंह कल पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रत्याषियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

- नगर पालिका परिषद सीहोर ने आधुनिक मषीनों द्वारा सीवन नदी के गहरीकरण का काम शुरू किया है। पहले ही दिन बड़ी संख्या में नदी का मलबा हटाया गया।

---